तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 दिसंबर 2024

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



10 करबो कन्यादान बढ़ाबो सबके मान : रानी





12 मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के हाथों सम्मानित हुई सोमा







प्रेम रतन पैलेस & रिसॉर्ट

राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)

ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था

सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिसियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा

• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम

मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900

प्रबंधक की आवश्यकता है युवक-युवती संपर्क करें 9926133072

।। बाबा ऊँ श्री शिव ।।

नवकार ज्वेलर्स

सच्चा सौदा ईमानदारी का

राजिम नवापारा, रायपुर

सावधान सावधान

चाइना गोल्ड से सावधान

नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन

जापानी तकनीक से युक्त मशीन

सोने की शुद्धता एवं कैरेट की जांच

निःशुल्क सोने की शुद्धता जांच

चाइना गोल्ड से बचने का उपाय

नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना


## खबर संक्षेप

### अमितेश आज सामुदायिक भवन का करेंगे लोकार्पण



**फिंगेश्वर।** परम पूज्य बाबा गुरु घांसीदास के 268वीं जयंती पर सतनामी समाज द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें 17 दिसंबर को नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण तथा सतनाम संदेश शोभायात्र कर फिंगेश्वर नगर भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे दोपहर 12 बजे प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण करेंगें। यह जानकारी मनोज सोनवानी ने दी।

### पंचों ने मानदेय नहीं मिलने की शिकायत पंचायत सीईओ से की

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत के पंचों का एक प्रतिनिधी मंडल गरियाबंद पहुचकर जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ रिता यादव को ज्ञापन सौपकर मांग किया कि पिछले तीन वर्षो का मानदेय उन्हे नहीं मिला है। पंचों ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कार्यालय के मासिक बैठक में नियमित रूप से उपस्थित होने के बावजूद ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा उन्हे मानदेय राशि प्रदान नहीं किया गया है। पंच बलेदव नायक, खेत्री कश्यप, रविसिंह, बालाराम, रामबाई, बालोबाई, दीलीप ध्रुव, रम्भा कश्यप पंचों ने तत्काल मानदेय दिलाने की मांग किया है।

### केबल के लिए खोदे गए गड्ढे में बाइक घुसने से युवक घायल

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर गरियाबंद देवभोग मार्ग में सड़क किनारे नेशनल हाईवे के बाजू में केबल कनेक्शन जोड़ने के नाम पर जगह–जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है और आज सोमवार को सुबह 8 बजे झरियाबाहरा के तरफ से एक युवक के मोटर सायकल बड़े वाहन को साईड देते गड्ढा में जा घुसा जिससे मोटर साकयल के सामने चक्के टूट गया और युवक मुंह के बल जमीन पर गिरा जिसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

### गुरु घासीदास जयंती पर नगर में शोभायात्रा आज

**फिंगेश्वर।** नगर में गुरुघासी दास जंयती 18 दिसंबर को धूमधाम से सतनामी समाज फिंगेश्वर के द्वारा मनाई जायेगी। वहीं पर 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे समाज के लोगों के द्वारा भव्य शोभा यात्र नगर में बाज- गाजे एवं पंथी नृत्य के साथ निकालकर बाबा के संदेशों को प्रचारित किया जायेगा।

इस पांच दिवसीय जयंती के आयोजन मे 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के द्वारा किया जायेगा। इसी प्रकार 18 दिसंबर को सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्यअतिथि के आसंदी से राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे।

## मौसम : मैनपुर वनांचल क्षेत्र में हड्डी कंपा देने वाली ठंड का कहर

# पाले से खेतों में बिछी बर्फ की पतली सफेद चादर, हिल स्टेशन जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र के ग्रामों में इन दिनों हड्डी कपा देने वाली ठंड का कहर जारी है। मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी के ऊपर बसें आमामोरा, ताराझर, ओढ़, भालूडिग्गी, माटल,कुर्वापानी जैसे ग्रामों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है सुबह क्षेत्र का नजारा बदला नजर आता है घास पुलाव के ढेर में बर्फ की पतली चादर बिछी नजर आ रही है और तो और पैरावट के ऊपर सुबह बर्फ की सफेद चादर दिखाई दे रहा है घरों के बाहर रखे बर्तनों में बर्फ के डल्ले जैसे जमे नजर आ रहे हैं मौसम पूरी तरह साफ हो जाने के कारण पहाड़ी गांव में हड्डीकपा देने वाली ठंड से दिनचर्या बदल गई है भारी ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है बीते कुछ दिन पहले क्षेत्र में मौसम खराब होने से ठंड गायब हो गई थी अब मौसम साफ होने के बाद कड़ाके की ठंड चालू हो गया है अलसुबह क्षेत्र के गांव पैरावट, पेड़ों के पत्ते में बर्फ की चादर दिखाई दे रहा है सुबह से शाम तक लोग गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं पूरा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है।



**सर्दी खांसी बुखार के मरीज बढ़े**

मौसम में उतार–चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है लोग इन दिनों सर्दी खांसी बुखार की चपेट में आ रहे हैं अचानक ठंड में एकाएक बढ़ोतरी होने से शाम 7 बजे के बाद मैनपुर तहसील मुख्यालय जैसे नगर में सन्नाटा पसर रहा है सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों हो रहे हैं तो वही सुबह भारी कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मैनपुर वनांचल घने जंगल क्षेत्र कोहरे से ढक के होने के कारण सुबह दुर्घटना के अंदेशा बढ़ गई है।

**तापमान की नहीं मिल पाती सही जानकारी–** इन दिनों लगातार तापमान तेजी से गिर रहा है भारी ठंड के कारण लोगों का सुबह और शाम को घर से बहर निकलना दूभर हो गया है अचानक ठंड बढ़ जाती है जिसके कारण लोग असमंजस में रहते हैं लोगों का कहना है अनुविभाग कार्यालय होने के बावजूद मैनपुर क्षेत्र में अब तक तापमान केंद्र नहीं बन पाया है जिससे लोगों को तापमान के बारे में सही सही जानकारी मिल सके।

गरियाबंद जिले के सुदूर पहाड़ी के उपर बसे आमामौरा ओढ़ में शीत लहर चल रही है कड़ाके की ठंड में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है पहाड़ी के बेहद उंचाई पर बसे होने के कारण यहां बर्फ की चादर सुबह खेत और पेड़ पौधो के पत्तो पर दिखाई दे रहा है ज्ञात हो कि तापमान 04 डिग्री पहुंच चूका है और यहां नया वर्श में बड़ी संख्या में दूर–दूर से पर्यटक पूरे सुविधा के साथ आते है। पिछले तीन–चार दिनो से ठंड से बचने के लिए लोग तरह तरह से उपाय कर रहे है इस वनाचंल क्षेत्र के सभी गली मौहल्ले में शाम होते ही घरो के सामने लोग अलाव जलाकर तापते नजर आ रहे है बुजूर्ग और बच्चो की तकलीफ बढ़ गई है खाना नही पचने के साथ सर्दी खासी जुकाम के मरीज लगातार बढ़ रहे है तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में तापमान 06 डिग्री तक पहुच गया है अगामी दिनो में मौसम का पारा काफी नीचे गिरने वाला है।

# खरमास में शुभ कार्यों पर रोक नहीं होंगे विवाह और गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

खरमास माह का प्रारंभ 16 दिसंबर से हो रहा है। इस दिन सूर्यदेव धनु राशि में गोचर करेंगे। उस समय से ही खरमास लग जाएगा। खरमास का समापन 14 जनवरी, मंगलवार को मकर संक्रांति के दिन होगा। खरमास हिंदू पंचांग के अनुसार एक विशेष अवधि है जो सूर्य के धनु और मीन राशि में प्रवेश के दौरान आती है। इस समय सूर्य कमजोर स्थिति में होते हैं, जिससे शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। यह समय लगभग 30 दिनों का होता है और मुख्य रूप से धार्मिक साधना, पूजा, ध्यान और आत्मविश्लेषण के लिए उपयुक्त माना जाता है। यह मास वैदिक परंपराओं के अनुसार आत्मिक उन्नति, तप और आध्यात्मिक साधना का अवसर है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य निषि माने जाते हैं। खरमास लगने के बाद शादी विवाह पर रोक लग जाती है। अब शादी विवाह का मुहूर्त 15 जनवरी से प्रारंभ होगा। 14 जनवरी तक इस पर रोक रहेगी। इस समय भगवान विष्णु और सूर्य देव की विशेष पूजा करनी चाहिए। श्रीमद्भगव-नीता का पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम का जाप और सूर्य देव के मंत्रों का उच्चारण लाभकारी होता है। तुलसी पूजन और दान का महत्व भी इस मास में अधिक है।

**सकारात्मकता बनाए रखें**

खरमास में किसी के प्रति द्वेष, जलन या नफरत की भावना रखना न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से हानिकारक है। बल्कि यह आपके जीवन में भी नकारात्मक परिणाम ला सकता है। इस समय मानसिक शांति और सकारात्मकता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। खरमास में भौतिक सुख-सुविधाओं का अत्यधिक सेवन नहीं करना चाहिए। यह समय आत्म-नियंत्रण, साधना और संयम का है। अतः इस अवधि में मांसाहार, शराब और अन्य नशे का सेवन करना वर्जित है। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से अनुशासनहीनता को बढ़ाता है, बल्कि शरीर और मन पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

**दान-पुण्य करें**

गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े और धन का दान करना शुभ फलदायक होता है। अन्न, घी, गुड़, तिल और स्वर्ण जैसे वस्त्रों का दान करने से पुण्य प्राप्त होता है। इस मास में उपवास और तपस्या करने से मनुष्य के पापों का नाश होता है। ध्यान और योग द्वारा आत्मिक शांति पाई जा सकती है। इस अवधि में नए व्यापार, नए प्रोजेक्ट या किसी बड़े उद्यम की शुरुआत करने से बचना चाहिए। खरमास को 'रुकावट का समय' माना जाता है। इस दौरान शुरू किए गए कार्यों में सफलताएं नहीं मिलतीं।

## दृश्य आकर्षित लेकिन पर्यावरण के लिए घातक...



**मुड़ागांव(कोरासी)।** इन दिनों ग्रामीण अंचल में किसान रबी फसल की तैयारियां करने में लगें हुए हैं। क्षेत्र में लोग खेती किसानी पर आधारित है। लोगों को किसानी के अलावा भरण–पोषण का कोई कार्य नहीं। अधिकांश सभी लोग कृषि पर निर्भर है जो अभी सभी लोग रबी फसल के लिए ग्रीष्मकालीन फसल लगाने के लिए खेतों के खरपतवार को नष्ट करने के लिए खेत के मेंड़ पर पैरा डाल कर उसको जलाया जा रहा है। जल रहे आग की धुआं आसमान पर आकर्षक नजारा दिखाई दे रही है। यह नजारा खड़मा रानीपरतेवा पहुंच मार्ग मध्य का है। यह नजारा आने जाने वाले राहगीरों को आकर्षित करते हुए लोग एक नजर इस ओर आकर्षित हुए।

# अज्ञात बीमारी से 12 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह के भीतर अज्ञात बीमारियों से लगातार 10-12 मवेशियों की मौत होने की जानकारी मिली है। जिससे मवेशी पालकों में दहशत देखने को मिल रहा है। अचानक ठंड बढ़ने के साथ ही मवेशियों के पेट फूल जा रहा है और देखते ही देखते मौत हो जा रही है जिसकी जानकारी आज पशु चिकित्सालय के स्थानीय डॉक्टरो को दिया गया तो तत्काल टीम गांव में पहुंचकर इलाज प्रारभ किया है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 6 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के ग्रामीण सोहन नेताम, सुन्दरलाल दीवान, आशिष दीवान, रंजीत दीवान, जीवन दीवान ने बताया पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन मवेशियों की मौत अचानक पेट फुलने और लार निकलने से हो गई है जिससे पशु पालकों में मवेशियों की सुरक्षा को लेकर भारी चिंता नजर आ रही है। वहीं तहसील मुख्यालय नगर में भी पछिले तीन दिनो के भीतर कई मवेशियों की मौत होने की जानकारी मिली है।

**दहशत में पशु पालक**



**जानकारी मिली है–** पशुचिकित्सालय विभाग के डॉ. योगेश नायक ने बताया ग्रामीणों के माध्यम से मवेशियों की मौत की जानकारी मिली है तत्काल विभाग के टीम गांव में पहुंचकर जायजा लिया जा रहा है।

### फिंगेश्वरी में सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम फिंगेश्वरी में 17 दिसंबर दोपहर 2 बजे आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि अमितेश शुक्ल पूर्व विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता पन्नालाल ध्रुव, राज अध्यक्ष फिंगेश्वर राज 84 गांव एवं प्रांतध्यक्ष, आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, विशिष्ट अतिथि पुरण सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष, आदिवासी ध्रुव गोंड समाज, यशपेन्द्र शाह राजा साहब, राजमहल छुरा आदि समाज के बुद्धिजीवी व ग्रामीण जन होंगे।


बोर खनन

राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम



बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000

छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000

100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है। बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।

बोर खनन के लिए संपर्क करें- मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने

मो. 7828297607,9009541542


## नशा मुक्ति को लेकर ग्राम भेंड्री की महिला कमांडो हुई सम्मानित

# नशा मुक्ति, सायबर अपराध पर रोक लगाने पुलिस तत्पर : निशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सोमवार को थाना फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम भेंड्री में अनुविभागिय अधिकारी गरियाबंद निशा सिन्हा पुलिस की उपस्थिति में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत महिला कमांडो को सम्मानित किया गया एवं नशामुक्ति, सायबर जागरूकता अभिव्यक्ति एप से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यकम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निशा सिन्हा ने कहा कि ग्राम में अवैध शराब का बिक्री, शराब पीकर उपद्रव करने वालों पर अंकुश, ग्राम में अजनबी लोगों की जानकारी आदि विषयों को लेकर महिला कमांडों ने ग्राम में अच्छा काम कर रहे हैं सभी बधाई के पात्र हैं। इसी प्रकार ग्राम हित में आप लोगों का कार्य चलता रहे। इसके अलावा कार्यों में गति लाने कमांडों की बहिनें पुलिस थाना से संपर्क में रहे। उनके कामों में कोई परेशानी ग्राम में होती है तो तत्काल पुलिस से मोबाइल में सपर्क करें। संपर्क करने से पुलिस आपकी सहायता को लेकर आपके ग्राम पहुंच जायेगी। अवैध नशा के कारोबार से संबधित तत्काल जानकारी देवें। इसी प्रकार देखा जाता है कि ग्राम में शत प्रतिशत लोगों के पास मोबाइल फोन है जिसमें फोन आता है कि आपक ईनाम फसा है जो आपको देना है। ओटीपी आयेगा उसे दबाना है तो तत्काल फोन काट देवे, उसे कभी ओटीपी नहीं ▶▶| शेष पेज 10 पर

**सायबर अपराध से बचने की दी जानकारी**

इस प्रकार नशा पर अंकुश एवं सायबर अपराध से बचने के महत्वपूर्ण बातों की जानकारी ग्रामीणों को देकर जागरूकता का संदेश दिया गया। निशा सिन्हा ने सभी महिला कंमाडो बहनों से उनके काम करने का तरीका आदि पर चर्चा जिससे सभी महिला कमांडो खुश हो गए। वहीं पर अपने सामने किसी महिला पुलिस अधिकारी के आने पर महिला कमांडो प्रसन्नचित दिखाई दिए एवं उनका मनोबल और भी बढ़ा। इस अवसर पर थाना प्रभारी पवन वर्मा, सब




इसपेक्टर चिंताराम देशमुख सहित पुलिस स्टाप, महिला कमांडो व ग्रामीणजन उपस्थित थे।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### माण्डव्य ऋषि बाबा कुट्टी आश्रम में यज्ञ संपन्न



**छुईहा बेलर।** माण्डव्य ऋषि बाबा कुट्टी आश्रम में श्री राम चरित मानस यज्ञ 15 दिसंबर को सम्पन्न हुआ। वहीं इसी दिन वार्षिक मेला मड़ई का आयोजन किया गया। 12 दिसंबर से प्रारंभ हुए यज्ञ में महामंडलेश्वर महंत गोवर्धन शरण महराज के द्वारा प्रतिदिन सुबह यज्ञ, हवन -पूजन एवं रामकथा प्रवचन एंव मानस गान सुनाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत फिगेश्वर अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, बोरसी परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष गोवर्धन साहू, जनपद पंचायत सदस्य राधेश्याम साहू, नूतन साहू भुनेश्वर साहू, जिला दिव्यांग संघ अध्यक्ष जागेश्वर साहू, कमलेश वसुदेव यादव, यशवंत साहू एवं मानस मांडली आए हुए सभी का आभार व्यक्त मंच संचालक दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू की उपस्थित एवं सहयोगी शामिल हुए।

### ग्राम गिरहोला में रंगमंच निर्माण के लिए भूमिपूजन



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंवायत देहारगुड़ा के आश्रित ग्राम गिरहोला में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन जनपद सदस्य कैनी बाई ओटी द्वारा किया गया। इस मौके पर सरपच डिगेश्वरी साण्डे, रमेश ओटी, उपसरपंच शिव दयाल साडे, लोकेश साण्डे, दशरथ ओटी, यमेन्द्र ओटी, अजय सोम, ओमप्रकाश ठाकुर, खिलेन्द्र ठाकुर, धरम सिंह व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष...

### नशा मुक्ति, सायबर...

देवे। इसी प्रकार फोन आता है कि मै बैंक का अधिकारी बोल रहा हूं। आपको नया एटीएम कार्ड देना है पुराने वाला पीन नंबर बताओ तो उसे कभी पिन नंबर न बताये और उसे बाय कहकर फोन काट देवें। मोबाइल से संपर्क कर अपराध बढ़ा है इसके लिए आप लोगो को सजग रहना होगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmchhura@gmail.com
**: उद्घोषणा :**
प्रकरण क्रमांक 202412222000006/अ-2
ग्राम मड़ेली
दिनांक 13.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूमिस्वामी सुमन ब्राम्हणकर पिता/पति श्री श्रवण ब्राम्हणकर जाति ....... निवासी ग्राम रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम मड़ेली तहसील छुरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर क्रमशः 1382, 1390/1, 1390/2, 1464/1, 1465/1, 1466/1 रकबा क्रमशः 0.48 हे., 0.91 हे., 0.47 हे., 1.35 हे., 0.34 हे., 1.55 हे.,को औधौगिक प्रयोजन में व्यपवर्तित किये जाने हेतु संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि के औधौगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो, तो वह आपत्ति/ दावा स्वयं या अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सुनवाई तिथि दिनांक 27.12.2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13.12.2024 को जारी किया गया।
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद**

## प्रदर्शन : क्षेत्रीय समस्याओं एवं मूलभूत अधिकारों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

# आदिवासियों को आज भी काबिज जमीन का नहीं मिला पट्टा : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा एवं आदिवासी भारत महासभा के नेतृत्व में सोमवार को जिडार रोड झंडा चौक मैनपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली, सभा और ज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।सभा के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय तक रैली निकाली गई और कलेक्टर के नाम एसडीएम मैनपुर को 9 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के अध्यक्ष भीमसेन मरकाम ने किया। संचालन प्रताप मरकाम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) रेड स्टार के राज्य सचिव कॉमरेड सौरा यादव थे। कॉमरेड सौरा यादव ने कहा कि आजादी के 76 साल बाद भी प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों के आदिवासीयों को आज भी काबिज जमीन का मालिकाना हक पट्टा नहीं मिला है। इन इलाकों में आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित हैं। छत्तीसगढ़ में ग्राम सभा, पेसा कानून बना है, लेकिन राज्य सरकार कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम सभा, पेसा कानून को दर किनार कर दिया है, केंद्र की मोदी सरकार एक तरफ डॉ. स्वामीनाथ को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करती है। वहीं दूसरी तरफ डॉ.स्वामीनाथ के द्वारा किसानों के लिए जो अनुशंसा किया था,उसे लागू नहीं करती है, जो किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है, देश में महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रस्टाचार विगत 10वर्षों में तेजी से बढ़ा है, मजदूर, किसान, दलित एवं आदिवासियों के ऊपर दमन बढ़ गया है। देश में अदानी अम्बानी का राज है, मोदी सरकार इन कॉरपोरेट घरानों की गुलामी कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2023 और जैव–विविधता अधिनियम और नियमों में संशोधन किया है, आदिवासियों को जंगलो से बेदखल कर वन संपदा और खनिज संपदा को लूट सके। केंद्र सरकार की जन विरोधी बिजली (संशोधन) विधेयक, 2022 को लाया है,लोगो के घरों में नया प्री–पेड स्मार्ट मीटर लगा रही है।






### किसान पटवारी, आरआई व तहसीलदार के दफ्तरों का लगा रहे चक्कर

युवराज नेताम ने कहा कि गरियाबंद जिले में मैनपुर क्षेत्र के किसानों का भूमि बंदोबस्त में कई सारे त्रुटियां हैं, किसान परेशान होकर पटवारी, आरआई, तहसीलदार के दफ्तरों का चक्कर लगाते रहते हैं। बंदोबस्त त्रुटी सुधार के नाम पर लुटा जा रहा है। सरकारी समितियों में धान बेचने के समय पिछले साल भी किसान भारी संख्या में परेशान थे, यह समस्या वैसे तो पूरे प्रदेश में है, सरकार को शिविर आयोजित करके इस गंभीर समस्या का समाधान करना चाहिए। बलिराम नेताम ने कहा कि मैनपुर ब्लॉक में आज भी झारंडी ग्राम से धवलपुर के लिए पुल नही है, मैनपुर से मैनपुर कला का पुल विगत कई वर्षों से टूटा हुआ है,राजपुर से देहरगुड़ा जाने का पुल कामेपुर से धवलपुर का पुल का सख्त जरूरत है,जान जोखिम में डाल कर स्कूल के बच्चे स्कूल जाते हैं , क्षेत्र की आम जनता परेशान हैं।

# करबो कन्यादान बढ़ाबो सबके मान : रानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आदर्श ग्राम पंचायत खोरपा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जागेश्वर साहू द्वारा 37 जोड़े नव वर-वधु का विवाह संपन्न हुआ। श्रीमती पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार और महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का सोच है कि आदर्श विवाह के माध्यम से गरीब परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना। दहेज प्रथा को रोक लगा कर खचीर्ली शादी से लोगों को बचाना है। साथ ही सामूहिक विवाह से समाज की आर्थिक स्थिति में सुधार करना। श्रीमति पटेल ने नव वर-वधु को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रदेश सरकार सीएम विष्णुदेव साय व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू को गरीब परिवार के बेटियों को मिल रहे आर्थिक सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभनपुर विधानसभा विधायक इंद्रकुमार साहू, अध्यक्षता देवनंदनी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, विशिष्ट अतिथि सौदागर सोनकर सदस्य जिला पंचायत रायपुर, खेमराज कोसले, जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ,अनुसूईया साहू, कमला, सूरज साहू, सरपंच रेखा बघेल, रामसिंग साहू ,खोरपा पूर्व मंडल अध्यक्ष परसमणि साहू, केजूराम पटेल, बिहारी साहू, रामकुमार साहू, नंदनी साहू, लता साहू,दुलारी चतुर्वेदानी,परियोजना अधिकारी जागेश्वर साहू एवं समस्त महिला बाल विकास अधिकारी एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# गुरु घासीदास जयंती की सतनाम शोभायात्रा में पंथी नृत्य का किया दिव्य एवं भव्य प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



महान संत गुरूघासीदास बाबा की जयंती के उपलक्ष्य मे स्वर्गीय मिनी माता कन्या आश्रम उरला में विधायक इन्द्रकुमार साहू व प्रदीप शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यह शोभायात्रा अभनपुर नगर से होते हुये चंडी मोड़ स्थित सतनाम भवन भक्तिन कुटी पहुंची शोभायात्रा पूरे नगर मे भ्रमण किया इस दौरान विभिन्न गांवो से पहुंचे विभिन्न प्रकार के पंथी नृत्य दल टोलियो के साथ नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

सभा स्थल कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया व पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू सम्मिलित हुये। इस अवसर पर शिव डहरिया ने कहा कि 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक गुरू पर्व मनाया जाता है गुरूघासीदास बाबा के बताये मार्ग पर चलकर समाज के विकास कार्य मे योगदान देना है बाबा जी सतनाम संदेश उपदेशो को जगह जगह प्रसारित लोगो को सत्य मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है आज हमे जितना भी अधिकार मिला है वह संविधान के माध्यम से मिला है समाज के युवाओ को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे आकर नौकरी के साथ ही रोजगार के अवसर तलाशने वाहिए जिससमे स्वयं के साथ ही परिवार व समाज के लोगो को सक्षम बनाया जा सके ,सरकार की नीति से अमीर आदमी और अमीर हो रहा है गरीब और गरीब हो रहा है सरकार निजीकरण पर ध्यान दे रही है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmchhura@gmail.com
**: उद्घोषणा :**
प्रकरण क्रमांक 202412222000007/अ-2
ग्राम नवगई
दिनांक 13.12.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूमिस्वामी संजय ब्राम्हणकर पिता/पति श्री एस.एस. ब्राम्हणकर जाति ....... निवासी ग्राम रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम नवगई तहसील छुरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 94, 103 रकबा 1.55 हे., 1.39 हे. को औधौगिक प्रयोजन में व्यपवर्तित किये जाने हेतु संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि के औधौगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो, तो वह आपत्ति/ दावा स्वयं या अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सुनवाई तिथि दिनांक 27.12.2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 13.12.2024 को जारी किया गया।
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), छुरा जिला गरियाबंद**

**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ क्यू./ वा./ तह./ 2024
गोबरा नवापारा, दिनांक 27.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजराम ध्रुव पिता श्री प्रहलाद निवासी ग्राम मंदलोर तहसील गो. नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवदेक के पुत्र का जन्म दिनांक 02.11.2018 को ग्राम मंदलोर में हुआ/हुई है। जिसके संबंध में भूलवंश पंचायत पंजी मंदलोर में दर्ज नहीं करा पाया। जिसके संबंध में आवेदक अपने पुत्र दिग्विजय ध्रुव पिता तेजराम के जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 19.12.2024 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/ अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।
मुहर
**कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गोबरा नवापारा**

# अलाव जलाने के लिए प्रशासन से लकड़ी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



नगर सहित अंचल में ठंड में बढ़ोत्तरी होने पर लोगों ने गर्म कपड़ों का जहां सहारा लिया। वहीं पर ठिठुरन ठंड से बचने अलाव की आवश्यकता भी महसूस कर रहे हैं। इसी आवश्यकता को लेकर नगर पंचायत के द्वारा प्रतिवर्ष सार्वजनिक स्थानों में लकड़ियां भेज दी जाती थी लेकिन इस बार सार्वजनिक स्थानों में अलाव नहीं जल पा रहे है। जिसको लेकर नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है। नागरिकों का कहना है कि ठंड तेजी से आगे बढ़ रही है और सुबह–सुबह शीत लहर जैसी स्थिति बन जाती है ऐसे हालत मे मार्निंग वाक से लेकर अपने काम धाम मे निकले लोग अलाव की आवश्यकता महसूस करते हैं। वहीं पर गरीब वर्ग के लोग भी जो मामूली से गर्म कपड़े पहनते हैं वे लोग भी अलाव के इंतजार में नगर पंचायत का बांट जोह रहे हैं। अलाव को लेकर सड़क किनारे पड़े पेड़ों के पत्ते एवं कागजों को जलाकर लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं जो कुछ देर राहत देती है और फिर बूझ जाती है। शासन के निर्देश पर प्रतिवर्ष अलाव की लकड़िया मिलती थी जो इस बार कहीं दिखाई नहीं दे रही है। लोगो ने नगर पंचायत के साथ- साथ शासन से वनविभाग के द्वारा अलाव के लिए लकड़ी की मांग की है।

**।। शोक श्रद्धांजलि ।।**



जन्मतिथि 24.04.1955
स्वर्गवास 13.12.2024

**स्व. श्री बिसरू राम साहू**

पिता की मृत्यु एक अविश्वसनीय रूप से कठिन अनुभव हो रहा है, अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री बिसरू राम साहू ग्राम चैतरा का स्वर्गवास दिनांक 13.12.2024 दिन शुक्रवार को हो गया है, जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार है-

-:: कार्यक्रम ::-
पंचनाहवन- 17/12/2024, दिन- मंगलवार
कार्यक्रम स्थल- निज निवास ग्राम चैतरा फिंगेश्वर
तलाब कार्यक्रम 12 बजे

अतः इस दुखद समय में आप सहपरिवार पधारकर शोकग्रस्त परिवार के साथ सहानुभूति संवेदना व्यक्त एवं साझा कर उद्धरण करें।

ओम शांति, शांति, शांति, शांति, शांति...

शोकाकुल :-
बुधुराम, भीखम, गिरधर, डोमन, छवि, योगेश, रूपेश, नीलकमल, येवरतन

-:: विनीत ::-
(पूत्र) नरेन्द्र कुमार साहू, खुमन लाल साहू
ग्राम चैतरा, वि.खं. फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद

सम्पर्क- 9977417811

नोटः–जिन सज्जनों को शोक पत्र नहीं मिला हो इसे ही आमंत्रण समझे।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
**डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव**
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अशोक बजाज
पूर्व अध्यक्ष - जिला पंचायत रायपुर

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



रोहित साहू
विधायक
राजिम विधानसभा क्षेत्र



चन्द्रशेखर साहू
सदस्य
जिला पंचायत गरियाबंद



श्रीमती दुर्गा छन्नू साहू
सरपंच ग्राम पंचायत श्यामनगर



छन्नू साहू
सरपंच प्रतिनिधि एवं पंच वार्ड 17

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



राजू काबरा
समाज सेवी नवापारा

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
23वें स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



संदीप शर्मा
प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी, छ.ग.

## खबर संक्षेप

### बेलडीही में घासीदास की 268 वीं जयंती कल मनाया जाएगा

**रसेला।** ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में 18 दिसंबर को समस्त सतनामी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, विशेष अतिथि होंगे। जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, पंच तुलसी बाई कुर्रे, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख दूखूराम यादव, सै.चिराग अली, संतराम नेताम, कमलेश्वर नायक, नंदू दास, भावसिह मरकाम, धनीराम यादव, देवलाल बारिक आदि आमंत्रित अतिथिगण मंच पर उपस्थित रहेंगे। 18 दिसंबर को समय दोपहर 2 बजे विधिवत पूजा अर्चना कर पालो अतिथियों द्वारा चढ़ाया जाएगा। तत्पश्चात सभा का आयोजन कर प्रसाद वितरण होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में देवकुमार मार्कण्डेय, भण्डारी सतनामी समाज बेलडीही राधेश्याम, जगत राम, भानुप्रताप, शंकरलाल, ईश्वर, कन्हैया, मेहत्तर, नेमीचंद, तुलाराम, हेमनारायण, सुरज, रामलाल, हुमन, भगोली राम सहित सभी तन मन धन से जुटे हुए हैं।

### घासीदास जयंती पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 को

**गरियाबंद।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 18 दिसंबर को गुरूघासीदास की जयंती पर आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से स्कूली बच्चों द्वारा ऑक्शन हॉल में दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी कड़ी में 20 दिसम्बर को वन विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। 21 दिसम्बर को प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में किसान सम्मेलन, 23 दिसंबर को महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर अटल चौक पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने सभी कार्यक्रमों की तैयारियां सुनिश्चित करते हुए गंभीरतापूर्वक सभी आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिये है।

### गौरघाट में जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला 19 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 2 किलो मीटर दूर ग्राम गौरघाट में पशुधन विकास विभाग गरियाबंद द्वारा 19 दिसंबर को जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी व मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व संतावना पुरस्कार भी रखे गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए पशु चिकित्सालय के डॉक्टर योगेश नायक ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

## निधन

### मंजुला बेन नाथवानी



**नवापारा राजिम।** स्थानीय निवासी गुजराती समाज की वरिष्ठ सदस्या मंजुला बेन नाथवानी का निधन सोमवार को हो गया। इनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को दोपहर 12 बजे ललित भाई नाथवानी के निवास स्थान सदर रोड से निकली जाएगी। वे राजू भाई नाथवानी एवं ललित नाथवानी की माता थी।

**कार्यक्रम :** कंसारी समाज ने महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व साइबर क्राइम से बचने दी सलाह

# महिलाओं को दी गई घरेलू हिंसा सुरक्षा संबंधी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कंसारी महिला संगठन कसेर समाज नवापारा द्वारा महिला सुरक्षा कानून जानकारी एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि के रूप में गुलाब सिन्हा सहायक उपनिरीक्षक, विजय साहू आरक्षक, निम्मी साहू, महिला आरक्षक, अंजली बारले प्रधान महिला आरक्षक, सुनील कश्यप, कंसारी समाज के विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि के रूप में सहदेव कंसारी, कलिदान कंसारी,बाबूलाल साव, राजकुमार, तरुण, बलराम सारस, अशोक भारद्वाज, गोविंदा, गोपाल संतोष कंसारी, तुकाराम कंसारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए पुलिस कर्मियों की टीम ने संयुक्त रूप से महिलाओं को घरेलू हिसा, प्रताड़ना, दहेज, बाल विवाह, बाल अपराध ,यौन उत्पीड़न, बेटियों की सुरक्षा और सुनसान स्थान पर अपनी सुरक्षा से संबंधी कानूनी जानकारी दी और कहा कि आज के समय में अपनी सुरक्षा के लिए जागरुक और सतर्क रहना बहुत जरुरी हैं इसके लिए अपने बचाव के लिए विभिन्न कानून बने हैं। महिलाओं को कानूनी जानकारी रखना बेहद जरुरी है। साइबर क्राइम यह एक ऑनलाइन अपराध हैं। जो इंटरनेट या डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके किया जाता है। इसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी, चोरी, जासूसी, वायरस और अन्य अपराध शामिल हो सकते हैं। यह आमतौर पर कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और इंटरनेट संबंधी सुरक्षा में समस्या उत्पन्न करता है, जो उपयोगकर्ताओं को प्रभावित कर सकते हैं और उनकी गोपनीय जानकारी को चोरी कर सकते हैं। अगर घटना घटती हैं तो तुरंत टॉल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। घटना की प्राथमिकी अविलंब साइबर थाना में दर्ज कराएं। घरेलू हिंसा केवल एक थप्पड़, लेकिन नहीं मार सकता यह वाक्य किसी फिल्म का मात्र एक डायलॉग ही नहीं बल्कि विभिन्न समाजों की बदरंग हकीकत को भी उजागर करता है।





### प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। श्री सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम जिसमें कंसारी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों दसवीं में प्रथम दिशा, शुभम, रेणुका कंसारी, बारहवीं में प्रथम शिवम, आकाश, प्रथम, कंसारी को शिक्षा समिति के नागेंद्र, गोपाल, डिकेश, मितेश, अनिल, माला कंसारी ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस कर्मियों को महिला संगठना समिति एवं शिक्षा विकास समिति द्वारा प्रतिक चिन्ह, श्रीफल, साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कंसारी समाज महिला संगठन की अध्यक्ष सरोज कंसारी ने किया। आभार उपाध्यक्ष समाज संगठन उपाध्यक्ष कलिदान कंसारी ने किया। इस अवसर पर महिला पदाधिकारी धर्मिर्न, पुष्पा ,विमला ,हर्षा ,कल्याणी विलासिनी, सुनीता, संतोष,लीला ,हीरा, अनीता, पद्मिनी पद्मा ,नर्मदा ,रेखा ,पीना, गायत्री, उषा, अंजू, प्रेमीन,संतोषी, रामबाई ,द्रोपदी, सीमा, सावित्री राजकुमारी ,रूखमणी, तीजिया कैकई,ननकी ,प्रीति, रति, रेणु,गंगा, पूर्णिमा, रूखमणी, संतोषी ,सावित्री, पार्वती आदि मातृ शक्तियों ने पूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला संगठन, युवा, संगठन,शिक्षा विकास, समाज संगठन, मंदिर कमेटी, का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजिक महिलाए उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के हाथों सम्मानित हुई सोमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएमश्री सेजस हरिहर स्कूल की व्यवसायिक प्रशिक्षिका सोमा शर्मा मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के हाथों सम्मानित हुई। श्रीमती शर्मा को यह सम्मान शाला में रहते हुए उनके नवाचार प्रयोग के कारण किया गया। राजधानी के एक समाजसेवी संस्था द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में श्रीमती साय ने प्रशिक्षिका सोमा को सम्मानित किया। साथ ही शाला की सहा. ग्रेड 3 अर्चना रणसिंह द्वारा श्रीमती साय का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नन्हे कारीगर के गणेश साहू तथा कारीगर महिला समूह की अनुश्री को मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने आशीर्वाद दिया। एक ही मंच पर मां,बेटी हुई सम्मानित सोमा शर्मा के साथ ही राजनीति के क्षेत्र में उनकी माता रश्मि शर्मा, समाज सेवा के क्षेत्र में बड़ी बहन पल्लवी पांडेय को भी मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी द्वारा सम्मानित किया गया। यह पहला अवसर है जब किसी मंच पर एक साथ मां,बेटी अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित हुई हो। व्यायायम प्रशिक्षिका सोमा की इस उपलब्धि पर शाला समिति के अध्यक्ष सौरभ सिंटू जैन, प्राचार्य एफके दानी, प्रधानपाठक आलोक ठाकुर, एसएन देवांगन, डीबी साहू, सुषमा यादव, लता साहू, अश्वनी साहू, नीलम साहू, लीना देवांगन, राजेश अवसरिया सहित शाला परिवार ने बधाई दिया है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में छुरा पैंथर्स विजेता, नागिनबाहरा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय शिक्षकों द्वारा आयोजित सीजीटीपीएल सीजन 2 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल छुरा पैंथर्स और नागिनबाहरा स्टार किंग्स के मध्य रविवार को खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छुरा पैंथर्स ने 10 ओवर में 93 रन बनाए नागिनबाहरा की टीम 59 रन पर ही आल आउट हो गई। इस प्रकार सीजन 2 के विजेता छुरा पैंथर्स बने मैन आफ द मैच भोजराज साहू घोषित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, अध्यक्षता भोलेशंकर जायसवाल, सभापति विशेष अतिथि हरीश यादव, पार्षद चित्ररेखा ध्रुव, पार्षद मीणा चंद्राकर, पार्षद शंकर शारडा, व्यवसायी हेमंत साहू, व्यवसायी शीतल ध्रुव समाजसेवी मंचासीन रहे। संचालन समिति के द्वारा मंचासीन अतिथियां का स्वागत किया पश्चात स्वागत उद्बोधन पूनम चंद्राकर के द्वारा दिया गया।

**सीजीटीपीएल सीजन 2 क्रिकेट में पूनम रहे मैन आफ द सीरीज**



### विजेता को ट्रॉफी मेडल प्रमाण पत्र दिया गया

प्रतियोगिता के सफल संचालन में तथा अंपायर कमेंट्रेटर स्कोरर पिच निर्माण आदि कार्य में सहयोग के लिए यूनुस खान, पूनम चंद्राकर, हीरालाल साहू, सुशांत दिव्याकर, अजय नेताम, यादराम साहू, रामेश्वर ध्रुव, अविनाश वर्मा, देवराज ध्रुव कमल दीवान, विनोद कुमार देवांगन, लाल जी भारती, पंकज साहू, पीटीआई शिवठाकुर, राजू साहू, पीटीआई पंकज साहू, समन्वयक राजकुमार लहरे, मंगल मूर्ति सोनी को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजेता छुरा पैंथर्स को पुरस्कार स्वरूप 7 हजार रुपए खोमन चंद्राकर द्वारा एवं ट्रॉफी मेडल प्रमाण पत्र दिया गया। उपविजेता नागिनबाहरा को 5 हजार रुपए ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र दिया गया। तृतीय स्थान प्राप्त पाटसिवनी की टीम को 2 हजार रुपए व ट्रॉफी चतुर्थ स्थान प्राप्त, दुल्ला सुपर किंग्स को 1 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान किया गया। मैन ऑफ द सीरीज पूनम चंद्राकर दुल्ला सुपर किंग्स को 3 हजार रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। बेस्ट बॉलर कमल दीवान पाटसिवनी बेस्ट बैट्समैन उमेश यादव नागिनबाहरा, बेस्ट विकेट कीपर देवनारायण साहू रसेला, बेस्ट कैचर संजीत निषाद परसदा, साइक्लोन बेस्ट फील्डर भोजराज साहू छुरा को घोषित किया गया एवं ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू ने व आभार टंकेश्वर मरकाम ने व्यक्त किया। आयोजन में प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को चांदी का गणेश प्रदान किया गया।

# छत्तीसगढ़ शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर दिव्यांग बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को छत्तीसगढ़ शासन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के रूप में समाज कल्याण विभाग राजिम द्वारा सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय में दिव्यांगजनों के सम्मान के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, समाज कल्याण उपसंचालक डोनर ठाकुर, पंडित दिगेश्वर शर्मा ,डॉ. चंद्रिका प्रसाद, सामाजिक कार्यकर्ता उगम कोठारी, पूर्व सरपंच सोहनलाल वर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र मुंडा, आयुष विभाग के फार्मासिस्ट प्रीतम दरिया, प्रेरक संस्था के प्रमुख आरजी सिंह, प्रधान पाठक उमेश्वरी साहू ,अनिल मानिकपुरी, हेमू कोसले, संजय शुक्ला, कमलकांत, सुधा साहू, श्रद्धा साहू, नूतन साहू, लिलेश्वर मरकाम और अनुराग दिव्यांग समिति के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों जैसे गोला फेंक, तवा फेंक, कैरम, शतरंज आदि का आयोजन किया गया। विशेष रूप से एक छात्रा द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस छात्रा के सुनने और बोलने में असमर्थ होने के बावजूद उसकी प्रस्तुति ने सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पैरा ओलंपिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।





### दृष्टि बाधित क्षितिज को दिए 5 हजार रुपए

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवलपुर का छात्र उमेश यादव दिव्यांग 60% दृष्टि बाधित क्षितिज आपार योजना अंतर्गत 5000 की राशि का चेक मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। विशेष अतिथियों ने अपने संबोधन में दिव्यांग बच्चों के आत्मविश्वास और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि विशेष बच्चों को शिक्षित करना सामान्य बच्चों को पढ़ाने से कहीं अधिक कठिन है। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की गई। विशेष अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को ब्रेल कीट, ऑडियो कीट भी वितरित किया गया। उन विद्यार्थियों को जिनकी इन्हें विशेष आवश्यकता है। अतिथियों ने प्रेरक संस्था और समाज कल्याण विभाग को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बोड़की में ग्राम विकास समिति का गठन, बरसन बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम बोड़की में ग्राम विकास समिति की बैठक रविवार को हुई। ग्राम के सुचारू संचालन के लिए समिति कार्यरत हैं। ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की सहमति से पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष बरसन राम पटेल, उपाध्यक्ष कुंजन लाल साहू, सचिव नेतराम सिन्हा, सहसचिव थन्नू साहू, कोषाध्यक्ष सीताराम साहू, सलाहकार वेदराम एवं भोजराम साहू, संरक्षक डिहूराम पटेल, ऑडिटर डोमन साहू छन्नू पटेल, सदस्यगण ललित विश्वकर्मा, टायल साहू, लेखन पटेल, टिकेश्वर ध्रुव, टिकेंद्र साहू, टोमन ध्रुव, लोचन पटेल, गुलाप साहू, देवानंद सिन्हा, दिनेश दीवान, बसंत पटेल को को ग्राम विकास हेतु पदाधिकारी बनाया गया है समस्त पदाधिकारी को बधाई देने वालों में परमेश्वर साहू, पोहत पटेल, नूतन साहू, तनगू ध्रुव, तेजराम पटेल, टीकाराम सिन्हा, कुमार ध्रुव, अर्जुन साहू, नेतराम सिन्हा, कोमल पटेल, कामता दीवान, पूरन पटेल, होरीलाल ध्रुव, गैंदराम पटेल, ओमप्रकाश साहू, भारत साहू, भुवन साहू, जागेश्वर साहू, जोहत ध्रुव, कुंभराम सिन्हा,भुवन सिन्हा,मस्ते यादव, कमलनारायण साहू, गोविंद साहू, मदन यादव, छोटू साहू, काशी साहू, बुधारू दीवान, दुखित दीवान, डेरहा साहू, टायल पटेल, गुलाब पटेल आदि समस्त ग्रामवासी सम्मिलित है।

# बीईओ ने 20 बच्चों को वितरण किया स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बीईओ रामेंद्र कुमार जोशी फिंगेश्वर ने अपने सुपुत्र सात्विक के जन्म दिवस के अवसर पर फिंगेश्वर विकास खंड के प्राथमिक शाला नाचनबाय एवं कमारपारा खैरझिटी में जाकर कमार जाति के 20 बच्चों को स्वेटर एवं चॉकलेट वितरण किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने शिक्षक एवं छात्र छात्राओं से कहा कि अंचल में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए विशेष सावधानी रखते हुए गर्म कपड़े, स्वेटर, ऊनी कपड़े, टोपी का उपयोग करें। इसके अलावा नियमित रूप से गर्म और तरल पदार्थ का सेवन करें साथ ही शरीर का तापमान



संतुलित बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य वर्धक और स्वस्थ भोजन के साथ ही विटामिन से भरपूर फलों और सब्जियों का सेवन करें। इस मौके पर प्राथमिक शाला नाचनबाय एवं खैरझिटी के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# एक हो कर देश विरोधी ताकतों से लड़ें भेदभाव रहित समाज का करें निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




आईएसबीएम विश्वविद्यालय में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध विजय के वर्षगांठ पर विजय दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को 1971 के युद्ध की संपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से प्रारंभ हुई। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर डॉ. एन. कुमार स्वामी ने विद्यार्थियों को 1971 में भारतीय सेना की उपलब्धि बताते हुए, एक जुट हो कर देश विरोधी ताकतों से लड़ने एवं भेद भाव रहित समाज निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर सुभाषित विश्वास ने बांग्लादेश, पाकिस्तान तथा भारत के वर्तमान संबंधो पर प्रकाश डालते हुए विजय दिवस की उपयोगिता को समझाया। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने भारतीय सेना द्वारा लड़े गए सभी युद्ध और उन युद्ध में भारतीय सेना की साहसिक जीत को समझते हुए युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने छात्रों को कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के दिए गए मार्गदर्शन का पालन करने एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की अगले क्रम में विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक हेमंत पांडेय ने वीडियो के माध्यम से 1971 युद्ध के संपूर्ण घटनाक्रम तथा विजय दिवस की उपयोगिता विद्यार्थियों को समझाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन चांदनी साहू बीएससी अंतिम वर्ष कि छात्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी छात्र -छात्राएं एवं प्राध्यापकगण उपस्थि थे।




